तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026



12 कोसमर्रा-बिंद्रावन मार्ग जर्जर आवागमन...



12 विधायक योगेश्वर ने ली विभिन्न मोर्चा पदाधिकारियों...



## खबर संक्षेप

### दो लोगों से मारपीट मामला कायम

**महासमुंद।** चिमरकेल देवरी रोड तालाब के पास दो लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सराईपाली निवासी सुरीत नेताम 26 जुलाई को योगेंद्र कुमार पात्र के साथ चिमरकेल बाजार से वापस अपने गांव जा रहा था। ग्राम चिमरकेल देवरी रोड तालाब के पास शाम करीब 6 बजे खिरेंद्र ग्राम काटपाली ने गाली गलौच करते जान से मारने की धमकी देते खिरेंद्र ने सुरीत के सिर में में मारा वहीं उसके साथियों ने हाथ मुक्का से मारपीट की। बीच बचाव करने आये योगेंद्र के साथ भी आरोपियों नेमारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बीच बचाव कर रहे व्यक्ति की पिटाई

**महासमुंद।** विवाद के दौरान बीच बचाव कर रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरा निवासी गगन चंद्रार 26 जुलाई की दोपहर 2 बजे ट्रैक्टर लेकर खेत जोताई करने के लिये ग्राम मोंगरा जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि ग्राम लभरा खुर्द एनएच 353 रोड किनारे श्रीराम डेली नीड्स के सामने कुछ लोग उसके गांव के तानू चंद्राकर के साथ मारपीट कर रहे थे। जब गगन बीच बचाव करने गया तब आरोपी भोजराज धीवर और दुर्गेश उर्फ मिथलेश धीवर व अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# बिना ऋण वाले किसानों को सोसायटियों से नहीं मिल रही नगद में खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में इन दिनों किसान एक अजीब संकट से जूझ रहे हैं। जिले की सहकारी समितियों (सोसायटियों) में खाद लेने पहुंचे अऋणी किसानों को नगद में डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। समितियों में इस नियम का हवाला दिया जा रहा है कि खाद तभी दी जाएगी जब किसान इसके एवज में कर्ज (ऋण) लेंगे। इस व्यवस्था के कारण किसानों को खेती के इस महत्वपूर्ण समय में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महासमुंद ब्लॉक के किसान रामसिंह और लक्ष्मण साहू ने बताया कि उन्हें खेती के लिए डीएपी और यूरिया खाद की सख्त जरूरत है। वे नगद पैसा देकर सोसाइटी से खाद खरीदना चाहते थे, लेकिन वहां के कर्मचारियों ने मना कर दिया। किसान रामसिंह ने कहा, हम बैंक या सोसाइटी से किसी प्रकार का कर्ज नहीं लेना चाहते हैं, क्योंकि हम अपनी नगद पूंजी से खेती करना पसंद करते हैं। लेकिन सोसाइटी वाले कह रहे हैं कि बिना कर्ज के पर्ची नहीं कटेगी और खाद नहीं मिलेगी। एक अन्य किसान लक्ष्मण साहू ने कहा कि मजबूरन उन्हें महंगे दामों पर निजी दुकानों से खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी खेती की लागत काफी बढ़ गई है।

यह कृषि प्रधान जिला है, जहां धान और अन्य फसलों की पैदावार मुख्य रूप से की जाती है। वर्तमान में खाद की मांग जोरों पर है। अऋणी किसानों के लिए यह नियम एक बड़ी बाधा बन गया है। जो किसान कर्ज के जंजाल में नहीं फंसना चाहते, उन्हें या तो मजबूरी में ऋण लेना पड़ रहा है या फिर खुले बाजार से अधिक दाम चुकाकर खाद खरीदनी पड़ रही है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि इस नियम में कुछ लचीलापन लाया जाए, ताकि जो किसान नगद भुगतान करना चाहते हैं, उन्हें भी आसानी से समितियों के माध्यम से तय उचित मूल्य पर डीएपी और यूरिया मिल सके।

## खेती के इस महत्वपूर्ण समय में किसान हो रहे परेशान, बाजार से खरीदने विवश



### कई वर्षों से लगातार चला आ रहा नियम

सोसाइटी प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार यह नियम कोई नया नहीं है, बल्कि कई वर्षों से लगातार चला आ रहा है। प्रबंधकों ने स्पष्ट किया कि यह नियम मूल रूप से किसानों के हित को ध्यान में रखकर बनाया गया है ताकि उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण का पूरा लाभ मिल सके। शासन और सहकारिता विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, समितियों के माध्यम से किसानों को वित्तीय सहायता और खाद एक साथ जोड़ी गई है, जिससे वे साहूकारों के कर्ज के चंगुल से बच सकें। आगे बताया कि यदि किसी किसान को अनिवार्य रूप से केवल नगद में ही खाद खरीदनी है और वे किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लेना चाहते हैं, तो ऐसी स्थिति में उन्हें बाहर की निजी खाद दुकानों से ही खरीदी करनी होगी, क्योंकि सहकारी समितियों में नगद बिक्री का प्रावधान नहीं रखा गया है।

## आक्रोश : पिकाडली शराब फैक्ट्री के पास जुटे सैकड़ों ग्रामीण

# जर्जर सड़क और कीचड़ से परेशान अछोली के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम अछोली के ग्रामीणों ने लंबे समय से खराब पड़ी सड़क के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। पिकाडली शराब फैक्ट्री के पास सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने अपना काम बंद कर सड़क पर उतरकर अपना विरोध जताया।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया रहा। ग्राम के उपसरपंच संतराम साहू ने इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह सड़क पिछले लंबे समय से अत्यंत जर्जर स्थिति में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं और हल्की बारिश या जलभराव के कारण यहां हमेशा कीचड़ भरा रहता है। इसी रास्ते से होकर ग्राम अछोली के छोटे-छोटे स्कूली बच्चे रोजाना पास के गांव भोरिंग स्थित स्कूल में पढ़ने के लिए जाते हैं।



सड़क की बदहाली के कारण बच्चों को हर रोज इस कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। स्थिति यह हो जाती है कि बच्चे स्कूल पहुंचते-पहुंचते पूरी तरह कीचड़ से सन जाते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों पर बुरा असर पड़ रहा है।

### प्रशासन और संबंधित प्रबंधन के खिलाफ रोष

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से भारी वाहनों की आवाजाही भी होती है, जिससे सड़क की हालत और अधिक बिगड़ गई है। कई बार स्थानीय प्रशासन और संबंधित जिम्मेदारों से सड़क मरम्मत तथा निर्माण को लेकर गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी उदासीनता के चलते ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मजबूरन पिकाडली शराब फैक्ट्री के पास विरोध प्रदर्शन करने का रास्ता चुना।

### मौके पर पुलिस बल रहा तैनात

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करने और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई रही है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाइश देने और उनकी समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन देने का प्रयास किया गया है, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही सड़क निर्माण की मांग पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# तेज रफ्तार बाइक, कार से टकराई, पीछे से आ रहे वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के नेशनल हाईवे-353 पर संजय कानन के पास बीते रविवार रात करीब 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब यू-टर्न ले रही कार से एक तेज रफ्तार बाइक जा टकराई। टक्कर इतनी अचानक थी कि बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। उसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वाहन की चपेट में आने से युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सलमान खान 34 वर्ष के रूप में हुई है, जो महासमुंद के वार्ड क्रमांक 8 के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह सोहम हॉस्पिटल के पास स्थित एक कार्यालय में किसी आवश्यक काम से जा रहे थे, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल, पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं और कारणों की बारीकी से जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। इस घटना से मृतक के परिवार और इलाके में शोक का माहौल है।



### गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 2 लाख का 19.941 किलो गांजा बरामद किया है। तुमगांव पुलिस ने बताया कि 26 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल होंडा शाइन क्र सीजी 12 टीवी 1013 में सरायपाली की ओर से रायपुर की ओर गांजा परिवहन कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एनएच 53 रोड अमावस मोड़ तिराहा में नाकाबंदी की। कुछ कुछ देर बाद ओडिशा, सरायपाली की ओर से आ रही मोटर सायकल में सवार 02 व्यक्तियों को घेराबंदी कर रोका गया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम अर्जुन तिवारी पिता राजन तिवारी (32 वर्ष) निवासी चौरासी वीरबाबा मंदिर भदवा पोस्ट बालक मऊ थाना कोखराज जिला कौशांब (उ.प्र.), शिव कुमार पिता ब्रजलाल (29 वर्ष) चौरासी वीरबाबा मंदिर भदवा पोस्ट बालक मऊ थाना कोखराज जिला कौशांबी (उ.प्र.) होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के संयुक्त कब्जे2 से 19.941 किलोग्राम गांजा कीमत 199410 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख)(2)(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# तीन दंतैल हाथियों की मौजूदगी, गांवों में हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के वन परिक्षेत्र महासमुंद के जंगलों में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। सोमवार, 27 जुलाई को जारी आधिकारिक हाथी उपस्थिति रिपोर्ट के अनुसार, वन क्षेत्र में 3 दंतैल हाथियों का दल सक्रिय है। हाथियों की इस मौजूदगी को देखते हुए आसपास के ग्रामीण इलाकों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

हाथी मित्र दल और वन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ट्रैकिंग के दौरान आज तीन दंतैल हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 131 से आगे बढ़े। इसके बाद ये हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 126, 127 और 56 के जंगलों में घूमते हुए पाए गए। वर्तमान स्थिति के अनुसार, हाथियों का यह दल कक्ष क्रमांक 132, 131 और 56 के आसपास के वनों में विचरण कर रहा है। विभाग का अनुमान है कि ये हाथी आगे बढ़कर कक्ष क्रमांक 125, 55, 59 और 58 की तरफ रुख कर सकते हैं। हाथियों के संभावित मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के कई गांवों में चेतावनी जारी की है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं, उनमें मुख्य रूप से शामिल हैं जिसमें तालाझर, मुरुमडीह, दलदली, नांदबारूद, छताल, सुकुलबाय, अमलोर, मरौद, केशलडीह, खिरसाली, बंदोरा इन सभी गांवों के आसपास के लोगों को पूरी तरह सतर्क रहने और एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।



### लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील

प्रशासन और वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोई भी व्यक्ति जंगल के भीतर न जाए। जंगल या खेतों के आसपास हाथी नजर आने पर तुरंत इसकी सूचना नजदीकी वन कर्मचारी को दें। यह पूरी जानकारी हाथी मित्र दल के सदस्य अनुज कुमार और वन विकास निगम के चौकीदार डेहराराम यादव द्वारा दी गई है, ताकि समय रहते ग्रामीणों को सुरक्षित रखा जा सके।

# भोरिंग में सरपंच की मनमानी के खिलाफ 18 पंचों ने कलेक्टर को सौंपा अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत भोरिंग के विकास कार्यों में व्याप्त अनियमितता, पंचों और आम जनता की उपेक्षा तथा पंचायत फंड में गड़बड़ी को लेकर पंचायत के 18 पंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि पिछले 4 से 5 दिनों से ग्राम पंचायत भोरिंग के समस्त पंच अविश्वास प्रस्ताव की सूचना देने एसडीएम कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे थे। लेकिन पंचों का आरोप है कि एसडीएम अक्षा गुप्ता द्वारा उनका आवेदन स्वीकार ही नहीं किया जा रहा था। हर बार उन्हें आज-कल कहकर वापस भेज दिया जा रहा था। प्रशासनिक स्तर पर इस प्रकार की उदासीनता से क्षुब्ध होकर पंचों ने पूर्व पार्षद पंकज साहू के नेतृत्व में आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी पीड़ा रखी। कलेक्टर ने पंचों का आवेदन प्राप्त कर उसे नियमानुसार कार्रवाई हेतु एसडीएम को मार्क कर दिया है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में पंचों ने सरपंच पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र में कहा गया है कि सरपंच द्वारा विकास कार्यों में घोर लापरवाही बरती जा रही है, पंचों एवं आम नागरिकों की बातों को सुना ही नहीं जाता। पंचायत के फंड में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की जा रही है। सरपंच के ससुर द्वारा पंचायत के कार्यों में लगातार हस्तक्षेप कर मनमानी की जा रही है। ग्राम सभा की बैठक में जानबूझकर पंचों को नहीं बुलाया जाता और उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। ज्ञापन में हटरी बाजार की राशि का गबन, ठेकेदारों से कमीशन लेकर निम्न स्तर का सीसी रोड निर्माण कराना, मनरेगा की राशि का निजी उपयोग तथा पंचों के साथ जातिगत भेदभाव और अभद्रता जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। पंचों का कहना है कि इस स्थिति के कारण गांव में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं और जनता में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने के दौरान उप सरपंच भेखराम साहू के साथ वार्ड क्रमांक 1 के पंच सतबई नेहरू, हितेंद्र ढीढी, रजिया चेलक, पराग आवड़े, आनंद टंडन, निर्मला साहू, चपेश्वरी साहू, चमन साहू, रुक्मणी साहू, वेद प्रकाश साहू, गीता सोनवानी, खिलेश्वरी साहू, सावित्री साहू, खोरबहरा साहू, हरि साहू, चुम्मन साहू और गायत्री साहू के अलावा पंकज साहू भी उपस्थित रहे।



### महुआ शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम उड़ेला में बांधा जाने वाले कच्चे रोड सेमर पेड़ के पास कोमल कुमार बंसत पिता गनपत बंसत (38 साल) लोहंडीपुर शराब की बिक्री कर रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महुआ शराब करीबन 10 लीटर कीमत 2000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।




## शीतला माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, दिनभर लगी रही भीड़

# धूमधाम से मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर की आराध्य देवी मां शीतला के दरबार में माता पहुंचनी का पर्व पूरी आस्था, विश्वास और धार्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। इस दौरान स्वस्थ और निरोगी जीवन की कामना लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शीतला माता मंदिर पहुंचे। सदियों से चली आ रही इस पुरातन परंपरा को देखने और निभाने के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी, जो देर रात तक जारी रही।

माता पहुंचनी के अवसर पर शीतला मंदिर के बाहर का नजारा किसी मेले से कम नहीं था। मंदिर के बाहर नारियल, धूप, दीप और पूजन सामग्रियों की दुकानें सजी हुई थीं। इसके साथ ही चाट, गुपचुप और बच्चों के खिलौनों की दुकानों पर भी लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली। दर्शन करने के बाद श्रद्धालु पूजन सामग्री खरीदने के साथ ही वापसी में चाट और गुपचुप का आनंद लेते नजर आए। मंदिर के बाहर माता सेवा में जुटी जस गीत की टोलियां मांदर की थाप पर लगातार भजन गाती रहीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



माता पहुंचनी के पर्व पर विशेष तैयारियां की जाती हैं। इस दिन नीम की पत्तियां, हल्दी और तेल को आपस में मिलाकर भक्तों के सिर के ऊपर छिड़काव करने की परंपरा है। नगर में किसी भी प्रकार की अनहोनी और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए भक्त मां शीतला के दरबार में हाजिरी लगाते हैं।

### बीमारियों से बचाव का अटूट विश्वास

मान्यता है कि इस पर्व पर माताएं अपने घर से एक थाली में नारियल, हल्दी, तेल, चावल और दाल थोड़ी-थोड़ी मात्रा में लेकर पहुंचती हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद इसी सामग्री को प्रसाद और ठंडई के रूप में वापस अपने घर ले जाती हैं। इस ठंडई रूपी प्रसाद को घर के सभी सदस्यों के ऊपर छिड़काव किया जाता है। स्थानीय लोगों का अटूट विश्वास है कि ऐसा करने से परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ रहते हैं और घर पर किसी भी प्रकार की बीमारियों का प्रकोप नहीं होता है। इसी गहरी आस्था के चलते हर वर्ष इस पर्व पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है।

## खबर संक्षेप



### पूर्व सीएम बघेल और पूर्व मंत्री डहरिया को दिया आमंत्रण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता की पुण्यतिथि पर राजधानी रायपुर में 11 अगस्त को राज्य स्तरीय मिनीमाता स्मृति दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 11 अगस्त को होगा। अकादमी के पदाधिकारियों ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के निवास कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की और कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया, जिस पर उन्होंने अपनी सहमति व धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की।

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'



**रायपुर।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रविवार को रायपुर भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में प्रसारित प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम में व्यापार प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं व्यापारी बंधुओं ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुना। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से केदार गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुभाष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, नितेश दुबे, मन की बात के सहप्रभारी गौरव मंधानी, सुमीत शर्मा, आकाश बालानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### शिक्षा मंत्री प्रधान का इस्तीफा इस संघर्ष की नैतिक विजय

**रायपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सोनम वांगचुक के ऐतिहासिक अनशन और न्याय के लिए संघर्षरत छात्रों के आंदोलन की नैतिक विजय है। भगवानू नायक ने कहा कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी छत्तीसगढ़ के एकमात्र ऐसे राजनीतिक नेता हैं, जिन्होंने आंदोलन के शुरुआती दिनों से ही बिना किसी हिचकिचाहट और बिना किसी राजनीतिक लाभ-हानि की गणना किए सोनम वांगचुक के अनशन तथा सीजेपी के आंदोलन को अपना निःशर्त समर्थन दिया।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कारगिल विजय दिवस की



गौरवमयी वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, अद्वितीय शौर्य एवं अटूट संकल्प को कोटि-कोटि नमन करते हुए कारगिल युद्ध के अमर वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री चौधरी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के पराक्रम, वीरता और राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमारे वीर जवानों ने अद्वितीय साहस का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का त्याग, बलिदान और शौर्य प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके अदम्य साहस के कारण देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और भारत का गौरव अक्षुण्ण है। कारगिल के अमर शहीदों का बलिदान सदैव राष्ट्रवासियों के हृदय में अमिट रहेगा। उन्होंने देशवासियों से वीर सैनिकों के त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने का आव्हान किया।

## गरज-चमक के साथ हुई बारिश, कृषि कार्य में आएगी तेजी...



**नर्रा।** एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। क्षेत्र में रविवार सुबह से गरज चमक के साथ अच्छी बारिश हुई। इससे खेती किसानी कार्य में तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि धान बुआई किए लगभग एक माह हो गए, खेतों में पानी का अभाव था, लेकिन सोमवार की हुई बारिश के बाद अब रोपा और बियासी कार्य में तेजी जाएगी।

# प्रतियोगी परीक्षा में जुटे परीक्षार्थियों का सपना जल्द होगा साकार

**महासमुंद।** शहर में जल्द ही जिला ग्रंथालय खुलने का सपना साकार होगा। लगभग 6 करोड़ की लागत से इसके लिए सर्वसुविधायुक्त भवन बनकर तैयार है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे हजारों विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को केंद्रीय ग्रंथालय संचालन के लिए ग्रंथालय समिति की बैठक ली।




बैठक में उन्होंने ग्रंथालय की बेहतर संचालन के लिए समिति सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटते हैं। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय ग्रंथालय का संचालन किया जाएगा। ताकि उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सकें। संचालन के लिए शासकीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप एवं अन्य जनभागीदारी मॉडल पर भी विचार किया गया। इसके अलावा ग्रंथालय के लिए मानव संसाधन की आवश्यकता का आंकलन किया गया तथा उनकी पूर्ति हेतु संसाधनों की समीक्षा की गई। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिला ग्रंथालय का संचालन महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसे 15 अगस्त तक संचालन किया जाना उचित होगा, जिससे विद्यार्थियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। बैठक में अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को तीन दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, शिक्षा विभाग, वित्त, हाऊसिंग बोर्ड, नगर पालिका एवं पंजीयन विभाग के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

## करेले की खेती से किसान ताराचंद की आर्थिक स्थिति में आया सुधार

**महासमुंद।** विकासखंड पिथौरा के ग्राम कसहीबाहरा के प्रगतिशील किसान ताराचंद ठाकुर ने खेती में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सोच को अपनाकर कम भूमि से भी बेहतर आय अर्जित की है। पहले वे परंपरागत रूप से धान की खेती करते थे, लेकिन बढ़ती लागत और अपेक्षाकृत कम आय के कारण उनकी आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा था। कृषक ठाकुर ने अपनी आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया। विभाग के मार्गदर्शन में वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत सब्जी क्षेत्र विस्तार (करेला) योजना का लाभ प्राप्त किया। उन्होंने लगभग 1.00 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए उन्नत विधि से करेला की खेती शुरू की। योजना के तहत उन्हें 24,000 की अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रदान की गई। आधुनिक तकनीक अपनाने से सिंचाई जल की बचत हुई, खरपतवार नियंत्रण में आसानी हुई तथा फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। किसान ताराचंद ठाकुर बताते है कि पहले उन्हें धान की खेती से सीमित लाभ मिलता था, वहीं करेला की खेती ने उनकी आय में कई गुना वृद्धि कर दी। करेला की खेती से लगभग 100 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में बेहतर मूल्य मिलने से उन्हें लगभग डेढ़ लाख तक की आय अर्जित हुई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई।

# पीएमश्री सेजेस तुमगांव में समारोह में दी भावभीनी विदाई

**महासमुंद।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय एक्सीलेंस स्कूल सेजेस तुमगांव में एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालनालय रायपुर में स्थानांतरित हो रहे देवेंद्र अगलावे तथा सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ व्याख्याता एल कुरील, आईएल साहू एवं एस जेंद्रे को विद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य केआर साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यालय गीत के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि देवेंद्र अगलावे विद्यालय के लिए समर्पित रहे हैं।



उनका स्थानांतरण सहायक संचालनालय रायपुर में हुआ है, जहां वे अपनी सेवाओं से और अधिक योगदान देंगे। एल कुरिल, आईएल साहू एवं एस जेंद्रे ने वर्षों तक विद्यार्थियों को ज्ञान का प्रकाश दिया है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने सभी से कहा कि विद्यालय परिवार सदैव इनके साथ जुड़ा रहेगा और भविष्य में भी संपर्क बनाए रखेगा। देवेंद्र अगलावे ने अपने संबोधन में कहा कि सेजेस तुमगांव में बिताए गए दिन उनके जीवन के अमूल्य क्षण हैं। यहां के साथियों, विद्यार्थियों और स्टाफ का सहयोग अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में डीएमसी रेखराम शर्मा, करण सिंह सोरी, अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, रेवती रमन तारक, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, लोकेश साहू, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बरिहा, सोनाली साहू, रेणुका साहू, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, प्रगति साहू आदि मौजूद रहे।

# 170 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी और मोबाइल जब्त

**महासमुंद।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बलौदा क्षेत्र के ग्राम किसडी में पुलिस ने दबिश देकर 170 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 25 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नीले रंग की बिना नंबर की जुपीटर स्कूटी पर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर परिवहन कर रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना बलौदा की पुलिस टीम ने मेन रोड नर्सरी के पास ग्राम किसडी में घेराबंदी की। कुछ समय बाद बलौदा की तरफ से आ रही संदिग्ध बिना नंबर की स्कूटी को



रोककर चालक से पूछताछ की गई। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम कौशिक चौहान पिता मनबोध चौहान, 28 वर्ष, निवासी जोगनीपाली, थाना सरायपाली, जिला महासमुंद बताया। पुलिस ने जब आरोपी की स्कूटी और उसके पास रखे थैलों की तलाशी ली, तो उसमें से 170 लीटर देशी हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने अवैध शराब के साथ-साथ परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर की जुपीटर स्कूटी कीमत करीब 50,000 रुपए और एक मोबाइल फोन कीमत 10,000 रुपए भी जब्त कर लिया। पुलिस ने कुल 94,000 रुपए की संपत्ति जब्त किया हैं। पुलिस ने आरोपी कौशिक चौहान के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# लोहानी बिल्डिंग के पास अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने लोहानी बिल्डिंग के पास दबिश देकर स्कूटी पर अवैध रूप से शराब ले जा रहे एक



आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से शराब और वाहन समेत कुल 26,000 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस को 25 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लोहानी बिल्डिंग के पास एक व्यक्ति स्कूटी वाहन में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना मिलते ही महासमुंद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान पप्पू साहू, पिता भेखलाल साहू (32 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 01 शंकर नगर, महासमुंद के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देसी मसाला शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 5.400 लीटर और कीमत 3,000 रुपए है। इसके अलावा शराब के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी एक्टिवा कीमत 23,000 रुपए को भी जब्त कर लिया गया है। इस प्रकार पुलिस ने कुल 26,000 रुपए की संपत्ति जब्त की है। आरोपी के खिलाफ थाना महासमुंद में अपराध क्रमांक 433/26 के तहत आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

## खारंग, मनियारी के अलावा कई छोटे बांध लबालब, कैचमेंट एरिया में अच्छी बारिश

# पिछले साल से इस बार बांधों में ज्यादा पानी आधे से ज्यादा जलभराव, सात के गेट खुले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रमुख और मध्यम जलाशयों में इस मानसून सीजन में पानी का भंडारण पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर स्थिति में है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 12 प्रमुख जलाशयों में कुल 3840.347 मिलियन घनमीटर पानी उपलब्ध है, जो उनकी कुल लाइव क्षमता का 71.71 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में प्रमुख जलाशयों में लाइव क्षमता का 45.76 प्रतिशत पानी था। 7 जलाशयों-बांधों में पानी स्पिलवे, स्लुइस और नहर के जरिए पानी छोड़ा गया है। इनमें मिनीमाता बांगो, कोसारटेड, श्याम सरगुजा, परलकोट, झुमका, खामरपाकुट, केदार नाला में नहरों के जरिए पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा स्पिलवे से सूखा नाला बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है।

राज्य के 34 मध्यम जलाशयों में 563.064 मिलियन घनमीटर पानी संग्रहित है, जो कुल लाइव क्षमता का 56.05 प्रतिशत है। पिछले वर्ष की तुलना में यह भी अधिक है, जब मध्यम जलाशयों में 49.12 प्रतिशत पानी उपलब्ध था। रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख और मध्यम जलाशयों को मिलाकर कुल 46 महत्वपूर्ण जलाशयों में 4403.41 मिलियन घनमीटर पानी संग्रहित है, जो कुल लाइव क्षमता का 69.23 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी तारीख को इन जलाशयों में 57.32 प्रतिशत पानी था, जबकि वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 46.29 प्रतिशत था।



### 12 प्रतिशत अधिक पानी

*इस तरह देखा जाए तो अब तक राज्य के महत्वपूर्ण जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले साल की तुलना में करीब 11.91 प्रतिशत अधिक है। अच्छी बारिश के चलते जलाशयों की स्थिति में सुधार हुआ है, हालांकि कुछ जलाशयों में पानी का स्तर अभी भी अपेक्षाकृत कम है। कुछ क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से बारिश की गतिविधियां कमजोर होने की वजह से बांधों में पानी की आवक कम हो गई है।आने वाले दिनों में इसके बढ़ने पर जलभराव में परिवर्तन आया है।*

### बड़े बांधों में खारंग और मनियारी, मध्यम में घोंघा, झुमका और खपरी लबालब

प्रमुख जलाशयों में मिनीमाता बांगो जलाशय, कोरबा में सबसे अधिक 78.54 प्रतिशत, दुधावा में 74.07 प्रतिशत, खारंग और मनियारी में 100 प्रतिशत, सिकासार में 76.44 प्रतिशत, तांदुला 46.41 प्रतिशत, सोंदूर में 68.22 प्रतिशत, कोडार में 64.67 प्रतिशत और मुरुमसिल्ली, धमतरी में 50.49 प्रतिशत पानी दर्ज किया गया है। रविशंकर सागर में 48.48 प्रतिशत, केलो में 54.93 प्रतिशत और अरपा-भैंसाझार बैराज में 17.84 प्रतिशत पानी उपलब्ध है। मध्यम जलाशयों में श्याम जलाशय 84.69, छीरपानी 80.14, सुतियापाट 80.70, पिपरिया नाला 72.26, घोंघा 100, झुमका 83.70 और खपरी में 100 प्रतिशत पानी है। परलकोट जलाशय में सबसे कम जलभराव दर्ज किया गया है। यहां 1.29 प्रतिशत लाइव क्षमता में पानी है। वहीं केशवा जलाशय, महासमुंद में 32.47 प्रतिशत पानी दर्ज किया गया है।

## किसानों-मजदूरों, गरीबों और युवाओं के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी कांग्रेस

- मोदी सरकार के खिलाफ आंदोलन के बाद कांग्रेस और एनएसयूआई पर लगातार एफआईआर : बैज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर कहा, नैतिकता नहीं, बल्कि बढ़ते जनाक्रोश के दबाव में लिया गया फैसला है।


उन्होंने कहा, छात्रों पर हुई कथित कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मोदी सरकार युवाओं का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए यह कदम उठाया है। कांग्रेस किसानों, मजदूरों, गरीबों और युवाओं के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के खिलाफ हुए आंदोलनों के बाद कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लगातार एफआईआर दर्ज की जा रही है। पुतला दहन, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पोस्ट साझा करने पर भी कार्रवाई की जा रही है। यह लोकतांत्रिक आवाज को दबाने की कोशिश है, जिसका कांग्रेस विरोध करती है।

### महिला आयोग की भूमिका पर उठाए सवाल

राज्य महिला आयोग को निशाने पर लेते हुए दीपक बैज ने कहा, आयोग को भाजपा कार्यकर्ता की तरह नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्था की तरह काम करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि छात्रों और महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार हुआ तो आयोग ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग क्यों नहीं की? श्री बैज ने कहा, सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करने वालों पर कार्रवाई करना गलत है, यदि कार्रवाई करनी है तो कथित बर्बरता के जिम्मेदार लोगों पर होनी चाहिए।

## नकटी के ग्रामीणों की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस, विधि विभाग की बनेगी टीम

**रायपुर।** नकटी गांव में प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने एवं प्रकरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नकटी प्रभावितों के मामले में राज्य सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और न्याय के संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कांग्रेस कलेक्टर से लेकर राज्यपाल तक लगातार गुहार लगा चुकी है, लेकिन सरकार का रवैया असंवेदनशील बना



हुआ है। बरसात में प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, तोड़फोड़ स्थल एवं आसपास की भूमि का राजस्व ऑडिट सार्वजनिक किया जाए।

बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में उन्होंने बताया कि नकटी प्रभावितों के न्याय एवं पुनर्वास के लिए राज्यपाल को पुनः पत्र लिखा जाएगा। कांग्रेस के विधि विभाग के पांच सदस्यीय दल का गठन किया जाएगा, जो प्रभावित परिवारों की ओर से न्यायालयीन लड़ाई की रणनीति तैयार करेगा। प्रभावित परिवारों का उसी स्थान पर सम्मानजनक पुनर्वास कर मकान उपलब्ध कराया जाए। तोड़फोड़ स्थल एवं आसपास की भूमि का राजस्व ऑडिट सार्वजनिक किया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन प्रभावशाली लोगों के हितों की रक्षा के लिए गरीब परिवारों के मकान तोड़े गए। कांग्रेस का आंदोलन आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा प्रदेश सरकार पर लोकतांत्रिक तरीके से दबाव बनाया जाएगा।

जांच समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा, नकटी प्रकरण केवल पुनर्वास का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों का विषय है। कांग्रेस पार्टी प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए कानूनी, राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक सभी माध्यमों से संघर्ष जारी रखेगी।

**खबर संक्षेप**

## प्रधानमंत्री के मन की बात जन-जन से जुड़ने का प्रभावी माध्यम



**महासमुंद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विकास, नवाचार और जनभागीदारी के नए युग में प्रवेश कर चुका है। प्रधानमंत्री का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात आज केवल एक प्रसारण नहीं रहा, बल्कि यह जन-जन से जुड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बन गया है। पूरे देश व छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित महासमुंद में भी मोदी के मन की बात के रेडियो प्रसारण की लोकप्रियता शिखर पर है। रमेश ने कहा कि मन की बात के 136वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के कोरबा नगर निगम द्वारा संचालित कैच द रेन अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# नगर में हुआ बाहुड़ा यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





महांती समाज ने बाहुड़ा यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। 2 दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस 24 जुलाई को भगवान के रथ को दलदली रोड से न्यू मंडी होते हुये सुभाष नगर की गलियों से होते हुए जगन्नाथ मंदिर में स्थापित किए। सुभाष नगर के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने भगवान का पूरे जन समूह के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर उनके निवास पर आकर्षक आतिशबाजी हुई। भगवान को लाने के पश्चात रात्रि तक भजन कीर्तन होता रहा। 25 जुलाई को प्रातः आरती के पश्चात संध्या शोभा यात्रा प्रारंभ होने तक भवन में नगर के विभिन्न भजन मंडलियों, राम टोली मंडली, गायत्री मंदिर महिला मंडली, राम मंदिर मंडली ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाये रखा। इस अवसर पर नगर के जन प्रतिनिधिगण, विधायक राजेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला भाजपा अध्यक्ष ऐतराम साहू, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, जिला पंचायत सदस्य अमन चंद्राकर, अमर चंद्राकर एवं नगर के अनेक वार्डों के पार्षदगणों ने भवन में पधारकर भगवान के दर्शन किये। इस अवसर पर महांती समाज के महिला मंच पिथौड़ा की अध्यक्ष अर्चना महांती अपने सभी पदाधिकारियों के साथ, बसना के पंकज महांती सपरिवार, आरंग से पुष्पा महांती सपरिवार, रायपुर से प्रर्मिला महांती, भिलाई से संतोश महांती, बागबाहरा के पटनायक एवं मुकेश महांती परिवार ने अपनी उपस्थिति दी। संध्या 5 बजे भगवान जगन्नाथ की महाआरती के पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ की गई। रथ प्रस्थान के पूर्व एक धार्मिक परंपरा के अंतर्गत प्रतीकात्मक गजपति महाराज (पुरी के राजा) के रूप में आनंद महांती ने छेरा पोहरा का कार्य पूरे विधि विधान के साथ किया। संध्या 6 बजे बाहुड़ा यात्रा का प्रारंभ हुआ। महांती कलाकारों ने हिंदी एवं उड़यिा भक्ति गीतों से जन समूह को झूमने और नाचने पर विवश कर दिया। भक्ति गीतों के प्रस्तुति ने वातावरण को जगन्नाथ मय बना दिया। रास्ते में सेवादारों ने अपनी सेवायें दी। विपिन महांती, रमेश साहू, मोहन शर्मा ने भगवान का प्रसाद वितरित किया। नेहरू चौक में महाकाल आरती ग्रुप ने भजन की प्रस्तुति दी। बाहुड़ा यात्रा मेघ बसंत कॉलोनी से पुराना गंज पारा से मेन रोड, नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुये रात 11 बजे राम जानकी मंदिर पहुंची, जहां भगवान को स्थापित किया गया। इस आयोजन के लिए समाज के अध्यक्ष संजय महांती, सुस्मिता पटनायक एवं मयंक महांती ने पदाधिकारियों व सदस्यों को, सभी सेवादारों, कीर्तन मंडलियों का आभार जताया।



## शीतला मंदिर में माता पहुंचनी पर्व पर पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** शीतला मंदिर में माता पहुंचमी पर्व पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मां शीतला एवं ग्राम देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। शहर के सभी नागरिक व बच्चे स्वस्थ एवं क्षेत्र में सुख, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की गई। पर्व पर हजारों की संख्या में महिलाएं पूजा करने पहुंची थीं। पार्षदगण ईश्वरी संजय कहार व धनेंद्र चंद्राकर द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण में शामिल होकर नपाउपाध्यक्ष राठी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया तथा पार्षदों के अनुकरणीय कार्य की सराहना की। इस अवसर पर पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, जितेंद्र ध्रुव व भाजपा नेता गौरव राठी भी उपस्थित थे।





## वाहन चालकों का हुआ स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण

**महासमुंद।** परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 25 जुलाई तक वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कार्यक्रम बस स्टैण्ड महासमुंद में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई नागेश्वर राव के निर्देशानुसार लगभग 150 वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया। वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कार्यक्रम के लिए प्रतीक शुक्ला जिला परिवहन अधिकारी, रामभजन सिन्हा उप निरीक्षक, पवन धनकर प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक गौरव नारंगे, दौलत यादव, स्वास्थ्य विभाग से डा. अनिल कुमार गोरियार जिला नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य), आयुष चिकित्सा अधिकारी डा.यशवंत चंद्राकर, डा. देवेंद्र साहू, डा. सुजाता शुक्ला, डा. विकास चैहान द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण अवधेश कुमार यादव सहायक नोडल अधिकारी एवं नेत्र सहायक अधिकारी उमेश कुमार गोतमारे, आशीष कुमार देवांगन, रामेशवर सिन्हा, भुनेश्वरी साहू द्वारा किया गया। बस स्टैंड के वाहन मालिक धीरज सरफराज, राकेश चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच : अलका चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय की स्वतंत्र निदेशक एवं भारतीय जनता पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ की सह-कोषाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक-से-अधिक लाभ उठाने और समय रहते अपनी फसलों का बीमा कराने का आग्रह किया है।

चंद्राकर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मौसम की अनिश्चितता और प्राकृतिक आपदाएं किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हमारे अन्नदाताओं के लिए एक मजबूत आर्थिक सुरक्षा कवच साबित हो रही है। अलका ने कहा कि यह योजना अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखा, कीट-पतंगों के प्रकोप तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से किसानों की गाढ़ी कमाई की रक्षा करती है। किसानों को खरीफ फसलों के लिए मात्र 2 प्रतिशत, रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत तथा व्यावसायिक एवं बागवानी फसलों के लिए केवल 5 प्रतिशत का मामूली प्रीमियम देना होता है। शेष प्रीमियम राशि सरकार द्वारा वहन की जाती है।

फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान तथा स्थानीय आपदाओं के कारण होने वाली क्षति को भी योजना में शामिल किया गया है।

# नपा उपाध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्याएं, पट्टा सर्वे में देरी पर सीएमओ से की चर्चा, वार्डों में मुनादी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने पार्षदगण शुभ्रा शर्मा, सीता डोंडेकर, भारती राजू चंद्राकर, माधुरी घनीराम यदु, कल्पना सूर्यवंशी, धनेश्वरी सोनवानी के साथ उपाध्यक्ष कक्ष में जन समस्याएं सुनीं। खासकर शहर में जारी पट्टा सर्वे को लेकर नागरिक नपा पहुंच रहे थे। उनका कहना था कि पट्टा सर्वे को लेकर वार्ड में अभी तक अधिकारी नहीं पहुंचे हैं।

उनकी शिकायत पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी से चर्चा कर कहा गया कि सभी पार्षदों को वार्ड के पट्टा सर्वे कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारी की सूची उपलब्ध कराई जाए। सर्वे में गई टीम से प्रतिदिन किन-किन वार्डों में सर्वे हुआ इसकी मॉनिटरिंग होनी चाहिए तथा वार्डों में मुनादी कराई जाए, जिससे लोग असमंजस में न रहें। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय में भी अलग से कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर वार्ड से पट्टे को लेकर आ रहे लोगों को जानकारी दी जाए तथा उनके द्वारा जमा आवेदन लेने की व्यवस्था की जाए। छग शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक लोग पट्टा अधिकार अधिनियम के तहत लाभ उठाएं, जिससे गरीब जनता को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल पाएगा। राठी ने नागरिकों से यह भी कहा कि वन विभाग, बड़े झाड़ के जंगल, तालाब किनारे की जमीन पर पट्टा नहीं दिया जाएगा। राजस्व विभाग की सरकारी, खास जमीन, आबादी भूमि, टाऊन कंट्री प्लान के तहत आवासीय व मिश्रित भूमि पर कब्जेदार परिवार को ही मालिकाना पट्टा प्रशासन द्वारा जारी किया जाएगा।

# कारगिल विजय दिवस पर गुड शेफर्ड स्कूल में हुए कई देशभक्ति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



गुड शेफर्ड स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं की जोया ने देशभक्तिपूर्ण भाषण, देशभक्तिपूर्ण समूह गीत, सिदरा ने कविता, समृद्धि ने भावपूर्ण देशभक्ति गीत प्रेरणादायक नाटक आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल के वीर जवानों के अदम्य साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को याद किया। उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग ने बताया कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने कठिन परिस्थितियों में अद्वितीय वीरता का परिचय देते हुए कारगिल की चोटियों पर विजय प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया था। विद्यालय के प्राचार्य एम निवासन राव ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शहीदों के आदर्शों का अनुसरण करते हुए अनुशासन, ईमानदारी और सेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे तथा सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पूर्व सैनिकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ।

गौरतलब है कि 26 जुलाई का दिन वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत और देश की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के बलिदान की याद में मनाया जाता है। इस युद्ध में अमर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे और मेजर राजेश सिंह अधिकारी सहित 527 वीर जवानों ने अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी। इन्हीं अमर बलिदानियों की स्मृति में प्रतिवर्ष कारगिल विजय दिवस आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों ने अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का परिचय देते हुए विजय का तिरंगा लहराया। आज हम उन सभी वीर सैनिकों को नमन व सैल्यूट करते हैं, जिनके त्याग और बलिदान के कारण ही हम एक सुरक्षित, स्वतंत्र और गौरवशाली भारत में सांस ले पा रहे हैं। इस अवसर पर समाजसेवी तारिणी चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, कामिनी चंद्राकर एवं पूर्व सैनिक कनक राम निषाद, नंदकिशोर सिन्हा, प्रदीप चंद्राकर, माया राम साहू, बीपी वर्मा, डीपी पांडे, बंशी सिन्हा, रविंद्र नायक, अरविंद साहू, लक्ष्मी चंद्र घृतलहरे तथा सहदेव ध्रुव, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मातृशक्ति से अंजना चंद्राकर, गायत्री साहू, पूर्णिमा निषाद, सत्या नायक, पानू वर्मा, पूजा चंद्राकर, मोनिका पांडे, रुचि घृतलहरे, रोहिणी सिन्हा, प्रणेता साहू, चमेली सिन्हा और ज्योति चंद्राकर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सरला सोनी ने किया।

# शांत्रीबाई महाविद्यालय में मनाया विजय दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विजय दिवस पर देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को किया नमन

शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय की सभापति तारणी चंद्राकर एवं प्राचार्य डा सविता चंद्राकर द्वारा मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्ज्वलित एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध, भारतीय सेना के शौर्य, तिरंगा, राष्ट्रभक्ति एवं वीर सैनिकों के बलिदान पर आधारित आकर्षक एवं प्रेरणादायी चित्र बनाए। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक कौशल के साथ-साथ देश के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को भी अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। हमारे वीर सैनिकों के बलिदान के कारण ही आज हम सुरक्षित एवं स्वतंत्र वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया।

उपस्थित महाविद्यालय के सभापति तारणी चंद्राकर ने अपने संदेश में कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण की प्रेरणा का दिवस है। युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल समाज सेवा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा की भावना को भी सशक्त बनाना है। कारगिल के वीर सैनिकों का त्याग प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, शत्रुघन पटेल, अर्शिन सोलोमन, नेहा साहू, दामिनी साहू, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उक्त जानकारी घनश्याम साहू ने दी है।



## खबर संक्षेप



### कलाम की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में भारत देश के महान वैज्ञानिक और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अब्दुल कलाम ने भारत देश के करोड़ों युवाओं के प्रेरणा देश के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान निभाई। कार्यक्रम में मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर मौजूद थे।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 29 जुलाई 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, ग्राम बरोड़ा बाजार में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 31 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण, विद्युत, पशुपालन, मत्स्य, समग्र शिक्षा विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

### बरेकेल में पूर्णकालिक पटवारी की मांग

**झलप।** झलप उपतहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 25 ग्राम बरेकेलकला के ग्रामीणों ने पूर्णकालिक पटवारी की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार पदस्थ पटवारी चंचल ठाकुर के अपने हल्के में उपस्थित नहीं होने के चलते ग्राम के किसानों एवं छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पटवारी चंचल ठाकुर का कहना है कि वह बरेकेल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही हैं। अपने मूल पदस्थापना में नियमित रूप से उपस्थित होकर कार्य कर रही है, जिसके चलते वो बरेकेल में समय नहीं दे पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी कार्य के लिए पटवारी के पास 10 किलोमीटर दूर छिलपावन आकर कार्य कराना पड़ता है। मौका जांच वाले कार्य इस कारण नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीण महेंद्र कोसरिया, रविदेव वर्मा, नेमीचंद वर्मा आदि ग्रामीणों ने कहा कि अगर पूर्णकालिक पटवारी की नियुक्ति नहीं होती है तो मजबूरन ग्रामीणों को आंदोलनरत होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### शाला के नए भवन से छात्राओं को मिली बेहतर शिक्षा

**बीजापुर।** जिला के विकासखंड भैरमगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में कन्या शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का नवीन भवन तैयार हो गया है।



**समस्या : रपटे पर पुल, मार्ग की मरम्मत या नवनिर्माण की मांग**

# कोसमर्रा-बिंद्रावन मार्ग जर्जर आवागमन में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

■ क्षेत्रवासियों ने इसका नवनिर्माण व रपटे पर ऊंचा पुल बनाने की मांग उच्चाधिकारियों से की

कोमाखान-छुरा मार्ग के अनुरूप अंचल का एक अन्य कोसमर्रा (धौराभाठा) से बिंद्रावन मार्ग जर्जरता की कहानी बयां कर रहा है। मार्ग अपने नवनिर्माण अथवा मरम्मत के लिए आंसू बहा रहा है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। परिणाम स्वरूप यह मार्ग संबंधित विभाग की उपेक्षा का दंश बोल रहा है। इससे क्षेत्रवासी समेत राहगीरों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं का भी नियमित आना जाना है, वे भी परेशान है।

उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग की कुल लंबाई दस किलोमीटर है। जहां गड्ढों के अलावा डामर व गिट्टियों ने अपना स्थान छोड़ दिया है। आवागमन की दृष्टि में यह मार्ग सुगम नहीं होने के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश पनपने लगा है। वहीं सड़क किनारे (दोनों ओर) से डामर गिट्टी निकल कर अस्त-व्यस्त हो गया है, जो इसकी दयनीय स्थिति बयां कर रही है। यह भी बता दें कि बोइरगांव-धौराभाठा सिंगल पट्टी डामर सड़क में बोइरगांव के पास एक रपटा है। जिसकी ऊंचाई उतनी नहीं है, जहां भारी बरिश से रपटा पार किया जा सके। यहां बारिश अधिक हुई तो रपटे पर पानी बहता है। परिणाम स्वरूप धौराभाठा (कोसमर्रा) से बोइरगांव सड़क संपर्क टूट जाता है। लोग बाढ़ बारिश का पानी उतरने के बाद ही आना-जाना कर सकते हैं।

ग्रामीण क्रांति तिवारी के अनुसार रपटे की हालात ठीक नहीं है। अब इसका मरम्मत के बजाय ऊंचा पुल का निर्माण करने की दरकार है। बताया गया है कि इस मार्ग पर जहां कई ग्राम बसे हैं। आसपास के दर्जनों ग्रामों के निवासियों का आना-जाना मुख्य रूप से बोइरगांव सरायपाली, पतेरापाली, नक्टापार होकर बिंद्रावन-नर्रा व खरियाररोड से होकर होता है। क्षेत्रवासियों ने इसका नवनिर्माण व रपटे पर ऊंचा पुल बनाने की मांग संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से की है।

## विधायक योगेश्वर ने ली विभिन्न मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक, हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सोमवार को कार्यालय में महासमुंद विधानसभा अंतर्गत भाजपा के विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा के साथ संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा आमजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क गतिविधियों एवं विभिन्न विषयों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखे। विधायक ने सभी सुझावों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मिल-जुलकर कार्य करने पर जोर दिया।



**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद युनुश राजवानी, भाजपा महासमुंद ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष चुनेश्वरी साहू, तुमगांव मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष गिरिजा दास, ग्रामीण पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष त्रिभुवन धीवर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष माखन पटेल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष वीरेंद्र ध्रुव, किसान मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू, किसान मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष नारायण साहू, सिरपुर पटेवा मंडल अजा मोर्चा अध्यक्ष टार्जन मन्नाडे, तुमगांव मंडल अजा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी टंडन, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाशचंद पटेल, युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभम बाघ, युवा मोर्चा सिरपुर पटेवा मंडल अध्यक्ष उमेश गोल्डी साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा सिरपुर पटेवा मंडल अध्यक्ष चैतराम ध्रुव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा तुमगांव मंडल अध्यक्ष सुखदेव नेताम, किसान मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष तुमगांव ललित निषाद, भाजपा नेता दिनेश रूपरेला उपस्थित थें।

बैठक के दौरान विधायक सिन्हा ने पदाधिकारियों से क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आपसी समन्वय और जनसेवा के प्रति समर्पण से होती है। प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके अलावा कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने तथा संबंधित विषयों को उचित माध्यम से सामने लाने की बात कही।

## शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों एवं बस स्टैंड में एंटी लार्वा का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वर्षा ऋतु में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों, मुख्य बस स्टैंड, नालियों, जलभराव वाले स्थानों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सफाई विभाग की टीम द्वारा एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया गया। अभियान के दौरान उन सभी स्थानों को चिन्हित कर दवा का छिड़काव किया गया, जहां मच्छरों के लार्वा पनपने की संभावना रहती है। नगर पालिका द्वारा आगामी दिनों में सभी वार्डों में चरणबद्ध रूप से एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग एवं विशेष स्वच्छता अभियान भी संचालित किया जाएगा।



नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बरसात के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी वार्ड में लापरवाही न बरती जाए तथा नियमित रूप से एंटी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञात हो कि नगर पालिका की टीम अध्यक्ष साहू के आदेशानुसार लगातार नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर रही है। जहां भी जलभराव अथवा मच्छरों के प्रजनन की संभावना दिखाई देती है, वहां तत्काल एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर, टंकियों एवं अन्य जल पात्रों की नियमित सफाई करें तथा स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें।

## झलप क्षेत्र में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

झलप क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों में कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए और कारगिल में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। क्षेत्र के बवानकेरा निवासी डॉ लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा जो कि दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक पद कर कार्यरत हैं, उनका सम्मान भारत विकास परिषद रायपुर द्वारा आयोजित कारगिल विजय दिवस पर वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग छग शासन द्वारा शॉल, श्रीफल और पुष्प गुच्छ से किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम सत्य साईं हॉस्पिटल ऑडिटोरियम नया रायपुर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिक के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। डॉ लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा को यह सम्मान उनके द्वारा 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अखबार में प्रकाशित फोटो का संग्रहण करने पर दिया गया है। डॉ लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा ने बताया कि कारगिल युद्ध के समय मैं 20 साल का था, उस वक्त लगता था कि हमारे जवान युद्ध में अपनी प्राणों की बाजी लगा रहे हैं, ऐसे में हम क्या कर सकते हैं। मैंने उस दौरान युद्ध से जुड़ी खबरें और न्यूज़ की कटिंग करने लगा। इस समारोह में कारगिल युद्ध में अपने सेवा देने वाले मातृभूमि के वीर जवान भी उपस्थित रहे, जिनका भी सम्मान किया गया। पूर्व सैनिक रवि साहू, संतोष सिन्हा के साथ भारत विकास समिति के अध्यक्ष और उनके पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पार्षदों ने वार्ड की समस्याओं को लेकर सीएमओ से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड पार्षद शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, कल्पना सूर्यवंशी, सीता टोडेकर, भारती चंद्राकर एवं माधुरी यादव ने वार्ड की समस्याओं को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा की तथा उसे तत्काल दूर करने का अनुरोध किया। डेढ़ वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज वार्ड की समस्या जस की तस बनी हुई है। छोटी-छोटी समस्याएं तो दूर हो जाती है। परंतु बड़ी समस्याएं राशि के अभाव में दूर नहीं हो पा रही है। जबकि, बड़ी-बड़ी समस्याओं का अंबार वार्ड में लगा हुआ है। पार्षदों ने अपनी पार्षद निधि का भी उपयोग आज उपरांत तक नहीं किए जाने की बात मुख्य नगर पालिका अधिकारी से की और जल्द से जल्द उनकी पार्षद निधि से जो काम पार्षदों ने अपनी अनुशंसा पर दी है उसे कराने का भी अनुरोध किया।



वर्तमान में शासन की योजना के अंतर्गत प्रत्येक वार्डों में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास की सुविधा जो कि शासन की महत्वपूर्ण योजना है जिससे कोई भी व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे चाहे वह शासकीय भूमि पर निवास करता हो चाहे वह आबादी भूमि पर निवास करता हो और चाहे स्वयं की भूमि पर निवास करता हो, जिसके पास खप्पर वाला मकान है जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता हो वह सभी इस योजना की पात्रता रखते हैं। शासन ने ऐसे सभी पात्रताधारी व्यक्तियों की, जो कि 35-40 सालों से शासकीय भूमि पर आवास करते हैं और जिनके पास अभी तक किसी भी प्रकार के निवास का कोई भी कागजात नहीं है, उन्हें चिन्हांकन कर उन्हें पट्टा देने की योजना बनाई है और 15 अगस्त के पहले प्रत्येक वार्डों में सर्वे का काम पूर्ण कर लिया जाना है। पार्षदों ने कहा कि उक्त कार्यों के लिए नगर पालिका से हमें भी सूचित किया जाना चाहिए। ताकि, हमारे वार्डों में कोई भी व्यक्ति इस योजना से वंचित न हो और हमसे जो बन सकेगा उन व्यक्तियों के लिए मदद किया जाएगा। सभी पार्षदों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पार्षदों को स्पष्ट किया तथा अधीनस्थ कर्मचारियों को बुलाकर उक्त कार्य में पार्षदों का भी सहयोग लेने के लिए निर्देशित किया। प्रत्येक वार्डों के कार्यों को सूचीबद्ध कर तकनीकी स्वीकृति उपरांत शासन को भेजा गया है, जिसकी कॉपी प्रत्येक पार्षदों को उपलब्ध कराने के लिए कहा। साथ ही जिन पार्षदों के कार्य रह गए हैं उन्हें भी प्रस्ताव मंगाकर जोड़ने के लिए भरोसा दिलाया। पार्षद निधि के कार्यों को तत्काल करवाया जाएगा, ऐसा आश्वासन मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पार्षदों को दिया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र जैन एवं पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी भी उपस्थित थे।



### जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए हुई तैयारी बैठक

**महासमुंद।** जीवन विद्या अध्ययन आधारित जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 की तैयारी बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक व शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने मानव मैत्री समिति बोडरा धमतरी के टोमन साहू के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए शामिल होने वाले देश-विदेश के सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रत्येक को एक-एक कापी पेन, बस्ते के साथ -साथ एक थाली गिलास देने का प्रस्ताव दिया है, जिसे वो अपने पीने के पानी, भोजन करने में उपयोग करेंगे।

## सांसद एवं विधायक ने किया ज्वाइन भाजयुमो का पोस्टर विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजयुमो प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार व भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में बसना विधानसभा में ज्वाइन बीजेवायएम का पोस्टर विमोचन हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में नए मतदाताओं को जोड़ने की बड़ी मुहिम शुरू की गई।

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा नए और युवा मतदाताओं को संगठन एवं राष्ट्र निर्माण की धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ज्वाइन भाजयुमो (ज्वाइन बीजेवायएम) अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों और भाजयुमो के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में अभियान के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया गया। इस विशेष मुहिम का मुख्य उद्देश्य पहली बार मतदान करने वाले नव-मतदाताओं और युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों तथा केंद्र व राज्य सरकार की युवा-केंद्रित योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें भाजयुमो से जोड़ना है। पोस्टर विमोचन के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं,ज्वाइन भाजयुमो अभियान के माध्यम से हम प्रत्येक बूथ स्तर पर जाकर नए मतदाताओं से संवाद करेंगे और उन्हें देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराने के लिए प्रेरित करेंगे। यह अभियान युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहाँ वे अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर सकते हैं।



पोस्टर विमोचन के दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा रमेश अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष ऊषा धृतलहरे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम धृतलहरे, भाजयुमो जिला महामंत्री कामेश बंजारा, भाजयुमो वरिष्ठ नेता नंदू जलक्षत्री, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष दुर्गा शंकर दुबे, नंदकिशन साव, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, भाजयुमो जिला मंत्री जतिन रूपरेला, कमलेश डडसेना, दिनेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, विकास बघेल, दीपक शर्मा, महेंद्र गुप्ता, खुशहाल ठाकुर, गोपाल प्रधान, अमृत चौधरी, जन्मजय साव, प्रकाश सिंह, भाजयुमो बसना मंडल अध्यक्ष आकाश सिंहा, पिरदा मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, गढ़फुलझर मंडल अध्यक्ष योगेश साहू, बलौदा मंडल अध्यक्ष, वेदव्यास साव, दिगेश यादव, शुभम अग्रवाल, नवीन भट्ट, राजा राम परमार, लोकेश पटेल, सुशांत साहू, सहदेव पटेल, जितेंद्र साव, प्रमित साहू, प्रकाश सिंह साहित भारी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

